# कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / 8761 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2025 रायपुर, दिनांक 08/11/25

**/ /प्रवेश वर्ष –2025 नीट यू.जी. (MBBS & BDS) पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग में प्रवेशित अभ्यर्थियों हेतु रेज़िग्नेशन/सीट सरेंडर के संबंध में आवश्यक सूचना / /**

प्रवेश वर्ष 2025 चिकित्सा स्नातक **(एमबीबीएस/बीडीएस)** पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ राज्य नीट यू.जी. 2025 काउंसिलिंग में प्रवेशित अभ्यर्थियों के लिए रेज़िग्नेशन/सीट सरेंडर करने हेतु तिथि वृद्धि की गई है। अब अभ्यर्थी अपना रेज़िग्नेशन/सीट सरेंडर दिनांक 10.11.2025 **(सोमवार)** एवं दिनांक 11.11.2025 **(मंगलवार)** तक कर सकेंगे।

रेज़िग्नेशन/सीट सरेंडर करने वाले अभ्यर्थियों पर सीट परित्याग के लिए बंध पत्र अर्थदंड/शुल्क कटौती लागू नहीं होगी। **किन्तु, ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा जमा की गई पंजीयन राशि राजसात (Forfeit) कर ली जाएगी।** साथ ही, ऐसे अभ्यर्थियों से प्रवेशित संस्था के शिक्षण शुल्क का 10 प्रतिशत भी देय होगा।

| सं.क. | रेज़िग्नेशन/सीट सरेंडर हेतु संस्था | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 01 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेशित अभ्यर्थी – **संबंधित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में।** | अभ्यर्थी उपरोक्त निर्धारित तिथि पर संबंधित संस्था में उपस्थित होकर रेज़िग्नेशन / सीट सरेंडर करें। |
| 02 | निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेशित अभ्यर्थी – **काउंसिलिंग कक्ष, कक्ष क्रमांक 503, पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में।** | |
| 03 | शासकीय एवं निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेशित अभ्यर्थी – **शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में।** | |

यह सुविधा केवल उपरोक्त तिथियों में ही उपलब्ध रहेगी।

**(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

08/11/25

**अध्यक्ष,**
**काउंसिलिंग समिति,**
**संचालनालय चिकित्सा शिक्षा**